KAVYA
FOUNDATION
A Poetry of Life

सृजन संगम

कला और साहित्य का अनूठा मेला

To the Beloved Master
who taught us to
celebrate creativity



ओशो

आयोजक समिति

1. डॉ अर्चना अग्रवाल
2. श्रीमती दीपा गुप्ता
3. सुश्री रतिका जसानी
4. श्री दीपक बहरे

प्रबंधन समिति

1. श्रीमती दिव्या अग्रवाल
2. श्री प्रशांत विश्वकर्मा
3. सुश्री शिखा भट्टी
4. श्री सूर्यदेव रंजन
5. श्री करनवीर सिद्धू
6. श्री शुभम धीमन
7. सुश्री सुरभि
8. सुश्री ऋषिका शर्मा
9. सुश्री आस्था गुप्ता
10. श्रीमती आकांक्षा ब्राह्माने

पत्रिका डिज़ाइन एवं विषय वस्तु संकलन

1. सुश्री रतिका जसानी
2. श्री दीपक बहरे

सृजन संगम 2022

संपादक

डॉ कपिल चौदहा

काव्या संस्था प्रकाशन

मुद्रक : ताहा प्रिंटिंग प्रेस

विषय-सूची

साहित्यिक रचनाएँ

क्रमांक	रचना	लेखक	पृ. क्र.
1.	राम, तुम आ ही गए!	डॉ कपिल चौदहा	1
2.	कृति व प्रकृति	डॉ विदुला सहजपाल	3
3.	अनुशासन	राम प्रकाश तिवारी	4
4.	Thinking about You	अनमोलजीत सिंह	5
5.	मेरी कविता अभी अधूरी है	मोहित सिंह	6
6.	वीरानों में कितनी ताक़त?	दिव्या अग्रवाल	6
7.	कृष्णा	शुभांगी विश्वकर्मा	7
8.	दादू	कर्मिष्ठा	7
9.	एक अटूट याराना	दीक्षिता शर्मा	8
10.	One Day: Sooner or Later	दीक्षिता शर्मा	8
11.	The Colours of Me	आर्यन ठाकुर	9
12.	आशा	डॉ आशुतोष कुमार	9
13.	मौन साधे रहे तो निगल जाएगा	अनामिका चौकसे	9
14.	One Call and Visit	रुचिका गुप्ता	10
15.	चलो बच्चों, स्कूल चलो	मयंक सेमवाल	11
16.	पिंजरा	महक जोशी	12
17.	The Dream	शिल्पा नौगैरिया	12
18.	Get Up, Warrior	पलवी अरोरा	13
19.	Thoughts	आकाश शर्मा	13
20.	She	मनप्रीत सिंह	14
21.	Solace in Your Arms	कनिका पंघाल	15
22.	बस की बंद खिड़की	अभिनव नागार्जुन	16
23.	नृत्य: कला या संपूर्ण जीवन?	शिखा भट्टी	17
24.	The Unending Slide	जसकीरत कौर	18
25.	आदतें	दीपक बहरे	19
26.	अक्रेशिया	आशुतोष भदौरिया	20
27.	My Father's Failed Experiment	सूर्यदेव रंजन	21
28.	Freeze and Release	श्वेता सुमन	23
29.	The Smile That Breathed New Life in Me	अभिषेक भाऊ	25
30.	The Broken Bow	विवेक तोमर	26
31.	Understanding the Universe through Mathematics	डॉ सारिका वर्मा	27
32.	Power of Meditation	दुष्यन्त कुमार गौलिया	28

फोटोग्राफी/ चित्रकला/ हस्तकला

क्रमांक	कलाकार	पृ. क्र.
1.	अनाईका	56
2.	अभय मिश्रा	5, 16, 26, 32
3.	अभिषेक तुड़हा	56
4.	अर्पना जैसवाल	44
5.	आशी अग्रवाल	44
6.	आस्था डोंगरे	40
7.	आकांक्षा ब्राम्हने	51
8.	आदित्य नेमा	11, 18
9.	आयुष सक्सेना	46
10.	आशीष ठाकुर	34
11.	ऋतिका शर्मा	36
12.	ईशा देवांगन	32, 36
13.	एस. आर. गुप्ता	50
14.	अंकिता प्रथ्यानी	38, 47
15.	अंश जैन	56
16.	कृतिका गुप्ता	53
17.	केशव सिंह	32, 35
18.	कुसुम गुप्ता	49
19.	ख़ुशबू अग्रवाल	43, 45
20.	गरिमा बजाज	15, 37

विषय-सूची

क्रमांक	कलाकार	पृ. क्र.
21.	गायत्री वर्मा	43
22.	गोपाल सिंह	32
23.	टक्कल चतुर्वेदी	31, 34
24.	तनवी	47, 55
25.	तनुश्री पटेल	47
26.	दिव्या जैन	7, 43, 48
27.	दीक्षा	38
28.	देवश्री भार्गव	33, 39
29.	देवांग गुप्ता	56
30.	निष्ठा अग्रवाल	30
31.	नूरदीप कौर	47
32.	पलक धामीजा	54
33.	पवन कुमार	9, 14, 21, 28
34.	पारुल डेंगरे	41
35.	प्रगति खैरा	27, 45
36.	प्रशांत विश्वकर्मा	2
37.	माधवी गोयंका	40, 42
38.	यति गुप्ता	51
39.	रमन गुप्ता	39
40.	रवनीत मान	42
41.	रश्मि चौधरी	38
42.	रश्मि नीखरा	40
43.	रुचिका गुप्ता	44
44.	रेनू अंजोरिया	45
45.	रेनू बाला	41
46.	रोली गुप्ता	52
47.	डॉ विदुला सहजपाल	3
48.	विदुषी विधु	46
49.	विभूति खरया	55
50.	वैभव अग्रवाल	10, 25, 31, 33
51.	वैभवश्री चौहान	36
52.	शालिनी नौगरैया	38, 42
53.	शिल्पा कुरेवाड़	54
54.	शिवानी सिंह	55
55.	शुभम तुड़हा	31, 35
56.	श्रेया खंताल	47
57.	श्लोक पाण्डेय	55
58.	सचिन नौगरैया	8, 20
59.	सतीश चड़ार	13, 19, 24
60.	सत्यांक मिश्रा	31, 32
61.	समर्थ कलसी	39
62.	सिद्धि महाजनकट्टी	48
63.	सुचिता अग्रवाल	46
64.	सुधांशु तिवारी	4, 29
65.	सुमित सिजारिया	33, 35
66.	शैलेष नांदेकर	55
67.	सौम्या गुप्ता	46
68.	संदीप मिश्रा	33
69.	हरअमृत कौर बराड़	12, 33, 35
70.	हर्मन स्लोहर	41, 44
71.	हर्षित शर्मा	48
72.	हिमांशी विश्वकर्मा	44

सुरतरंग

इस श्रेणी के कलाकारों से संबंधित जानकारी के लिए पृष्ठ क्रमांक 57-58 देखें.

सृजन संगम

कला और साहित्य का अनूठा मेला

Srijan Sangam: An Introduction

Srijan Sangam, a confluence of creativity, is a unique project of the Kavya Foundation. It is a funfair of art and literature. We aim to bring together creative heads and hearts from all over the world, and provide them stage to showcase their talents. Television and the internet are flooded with talent shows, but they all intend to find the most talented artist there is. Srijan Sangam, on the other hand, wants to bring out the best artist in each of us.

Srijan Sangam is the celebration of the free spirit of an artist. There is no competition, no judgement, no comparison here. The artists and the literati who took part in this carnival were encouraged to choose the medium of expression they loved most — painting, writing, dance, singing, instrument playing, photography — and speak their hearts. This brought out the essence of creativity and originality in their works.

The response to Srijan Sangam was simply overwhelming. We received entries from 4 countries and 14 Indian states. Over 150 people sent in around 500 works. Except few, all the works are included in the magazine and the videos (for music and dance) as our aim is to give the widest exposure to the maximum number of artists. (The ones left out did not meet the criteria of selection.) Another amazing fact is that the artists come from a wide range of age groups: the youngest 4, the oldest 84. Also, they are from various socio-economic backgrounds and professions. There are students, homemakers, IT professionals, retired officers, business persons, etc.

Such a diversity of individuals and talents has made Srijan Sangam a unique festival whose fragrance is going to delight us for a long time.

Above all, through this festival we want to remind everyone that creativity is the very fountain of beauty and joy, and this fountain is right within us. Keep drinking from it, and you will live a fulfilled life.

Dr. Archana Agrawal

काव्या संस्था: एक यात्रा, एक प्रयोग

डॉ कपिल चौदहा संस्थापक

डॉ कपिल अंग्रेज़ी भाषा एवं साहित्य के एक सेवानिवृत प्रोफेसर हैं. शिक्षण के अलावा इन्हें संगीत, फिल्म निर्माण, एवं फोटोग्राफी में रुचि है. समय समय पर ध्यान और योग शिविर करवाकर इन विषयों के अनछुए पहलूओं से परिचित कराते रहे हैं. विशेष रूप से प्राणायाम पर इनकी समझ बड़ी सूक्ष्म है. इनकी अंतर्दृष्टि जीवन ऊर्जा को लेकर अद्वितीय है.

काव्या संस्था के केवल नाम में ही काव्य नहीं है, बल्कि सोच और कर्म में भी है. सृजन संगम इसका एक अनुपम उदाहरण है. इस पत्रिका के पन्ने पलटते जाइए और आप सृजन यानि creativity के रस और मिठास से भरते जाएँगे. यही रस जीवन का सार है, यही मिठास जीवन की तृप्ति.

एक दशक पहले जब हमने काव्या संस्था की नींव रखी थी तब हमारा एकमात्र उद्देश्य परहित यानि दूसरों की मदद करना था. कैसे? इसका कोई स्पष्ट नक़्शा हमारे पास नहीं था, लेकिन एक बात स्पष्ट थी कि परहित की यह आकांक्षा बड़ी प्रबल थी. आमतौर पर कई लोगों में यह आकांक्षा उठती है, लेकिन जल्द ही मिट भी जाती है. हमारी नहीं मिटी क्योंकि इसमें ध्यान की ऊर्जा शामिल थी. ध्यान की मिट्टी है ही बड़ी निराली; इसमें कोई बीज बो दिया तब अनोखे ही फूल खिलते हैं.

शुरुआती दिनों में संस्था के मुख्य कार्य थे ज़रूरतमंदों की मदद करना, अनाथालयों में बच्चों को पढ़ाना, उनके लिए पठन सामग्री, कोचिंग की व्यवस्था करना, इत्यादि. लेकिन जैसे-जैसे ध्यान की दृष्टि पैनी होती गई, हमें यह महसूस होता गया कि मनुष्य की आवश्यकताएँ केवल रोटी, कपड़ा, और मकान तक ही सीमित नहीं हैं; बल्कि कला, विज्ञान, साहित्य, आध्यात्म, पर्यावरण प्रेम, खोज, अनुसंधान का भी विकास करना ज़रूरी है.

इसके बाद हमने योग और ध्यान शिविरों का आयोजन किया, फिल्में बनाईं, पौधारोपण और वन सफ़ाई अभियान किए, वन्यजीवों के लिए जलाशयों का निर्माण कराया, अंग्रेज़ी व्याकरण पर वीडियो तैयार किए, कविता लेखन पर कक्षाएँ कीं. इतना ही नहीं, अपनी टेलिस्कोप से ब्रह्मांड के कुछ अजूबों की तस्वीरें भी लीं और लोगों के साथ साझा करके उनके अंदर अंतरिक्ष के बारे में उत्सुकता पैदा की. इन शब्दों को लिखते-लिखते मैं याद कर पा रहा हूँ उन अनमोल क्षणों को जब हमारी तस्वीरों को देखकर लोगों की आँखें आश्चर्य से चमक उठती थीं.

काव्या संस्था का सबसे अमूल्य अनुभव यह रहा है कि यह एक संस्था मात्र न होकर एक परिवार का रूप धारण कर रही है. ध्यान ने हमें सिखाया है कि अपने-पराए का भेद एक डरे हुए और स्वार्थी मन की उपज है. जब पूरे पृथ्वीवासी ही हमारा परिवार बन सकते हैं, तब किसी एक परिवार, समाज, धर्म, समुदाय तक ही सीमित क्यों रहा जाए? और इस परिवार में पेड़, पौधे, पशु, पक्षी, चाँद, तारों को भी शामिल क्यों न किया जाए?

काव्या परिवार की यात्रा अनवरत चल रही है. अस्तित्व करे हम सभी पर सृजन और आनंद की फुहार यूँ ही पड़ती रहे.

राम, तुम आ ही गए!

डॉ कपिल चौदहा

जन्मों-जन्मों से तुम्हारी बाट जोहती थी मैं.
कितनी सदियों से तुम्हारी राह देखती थी मैं.
'क्या राम आएँगे?' मैं स्वयं से पूछती थी.
तुम तो अज्ञात थे, अज्ञात से आना था तुम्हें.
तुम जो असीमित थे, मेरे दिल में समाना था तुम्हें.
क्या ये सम्भव था?
क्या ये सम्भव था कि इक बीज की सदा सुनकर सागर बादल में बदलकर उसे मिलने पहुँचे?
क्या ये सम्भव था कि बेजान घुँघुरुओं को कभी स्वयं नटराज अपने नृत्य से झंकृत कर दे?
कभी प्रश्नों की पहेली, कभी शंकाओं के शूल,
कभी उलझन, कभी चुभन,
मैं विकल और घायल,
राह खोजती फिरती.
कोई नहीं था यहाँ राह दिखाने वाला.
कोई नहीं था यहाँ साथ निभाने वाला.
तो मैंने चुन लिया तन्हाई को अपना साथी.
और एक वीरान बयाबान के आँचल के तले,
प्रतीक्षारत हुई तेरे मिलन का स्वप्न लिए.
हर सुबह छोटी सी कुटिया के हर एक कोने को
तेरी अनुभूति की सुगंध से भरा मैंने.
प्रेम के बेर चुने, श्रद्धा के होंठों से चखे,
और फिर द्वार बैठी राह तुम्हारी तकती.
कहीं कोयल ने कूक दी तो लगा तुम आए!
कहीं हवा में झूमे पेड़ लगा तुम आए!
कहीं मस्ती में नाचे मोर लगा तुम आए!
कहीं हिरणों की कुलाँचों से लगा तुम आए!
कहीं बरसात की बूँदों में लगा तुम आए!
कहीं तूफ़ानों की हलचल में लगा तुम आए!
पर तुम नहीं आए,
राम, तुम नहीं आए.
थकन से चूर हुई तेरी प्रतीक्षा करते.

अब कोई न था जो तेरी प्रतीक्षा करता.
फिर तुम भी न थे अब जिसकी प्रतीक्षा होती.
बस प्रतीक्षा ही रही शेष,
एक शून्य प्रतीक्षा.

इस शून्यता की कोख में
जो विश्राम में उतरी,
तो मिट गई मैं,
तो खो गई मैं,
और मिल गए तुम.
राम, आ गए तुम!
राम, तुम आ ही गए!

(उक्त कविता आध्यात्मिक यात्रा का एक प्रतीकात्मक चित्रण है जिसमें शबरी-रूपी साधिका राम-रूपी बुद्धत्व के लिए संघर्ष करते हुए परम अनुभूति को प्राप्त होती हैं.)

2

Photo: Prashant Vishwakarma

कृति व प्रकृति

डॉ विदुला सहजपाल

नारियल की फाँक सी
गहरी भूरी टहनी, श्वेत तहों में दबी
करवट ली मौसम ने
गलीचा बदला शिशिर ने
हुई सफ़ेद सतह धरा की

वृक्ष शिखिर दानवीर
दी भेंट बर्फीली क्रमवार
बिछी धरा प्रथम,
क्रमशः तना, टहनियाँ
सबने पायी देन
शिखिर ठूँठ ही प्रसन्न

निःशब्द सक्रिय प्रकृति,
कब सामान बटोरा, कौन जाने
पवन, मेघ, वाष्प कण, शून्य ताप
रंग, द्रव्य गुण, सौंदर्य वितान
हल्के हाथों
एक एक बर्फ़ीला फाहा लिए
किया चित्रित हर कण
सजें ओस कण पत्तों पर जैसे
सींचे धरा बूँद बूँद वर्षा जैसे
दमकाएँ किरणें हर कोना जैसे

उद्यमी प्रकृति
नत मस्तक पवन, मेघ, वाष्पकण, शून्य ताप
करबद्ध वृक्ष, टहनियाँ, धरा पटल, सतहें
किया समर्पण सबने
हुई कलाकृति मुखर, सम्पन्न

निपुण प्रकृति
तुच्छ मानव
अपूर्ण, निर्बल, विवश
न रचना कर पाए ऐसे
समाहित भी न कर पाए
विस्तृत सौंदर्य विस्तार
और फिर कहाँ प्रकृति जैसा
बिन आडम्बर कर्म आधार
निःस्वार्थ, सतत, निश्छल उपचार

Photo: Dr. Vidula Sahajpal

अनुशासन

राम प्रकाश तिवारी

निशा-दिवा के पृष्ठ पर्ण पर,
रविकर-शशिकर स्याही से.
लिखती रहती प्रकृति निरंतर,
पंचतत्व की बाती से.
जग की मिथ्या माया ने,
सबको भीषण फाँसा है.
जितना पीते उतनी बढ़ती,
नित-नित अमर पिपासा है.

कौन गरल या अमृत का है,
बिना विचारे हम प्याले.
जीना है बस पीते जाते,
हम हैं ऐसे मतवाले.
रहे सदा हम स्वार्थ साधते,
किया न परहित का चिंतन.
किया न पीड़ित उर घावों में,
मृदुवाणी का अभिसिंचन.

जगत जन्म ले पाने के हित,
अनगिन कसमें खाई हैं.
जन्म लिया, हम धरती आए,
लेकर कौन बुराई है?
जगती तल पर आकर ही हम,
सब कुछ अर्जित करते हैं.
हम करते मनमानी वह जो,
गुरुजन वर्जित करते हैं.

Photo: Sudhanshu Tiwari

Photo: Abhay Mishra

Thinking about You

Anmoljit Singh

Oh! I wished you knew
I need you here.
Not alone on your wall,
Wasting up these tears.
Deep down you're the sun, the moon, and the stars
kneeled down in prayers.

There's a picture I drew.
You smiled into a jest.
Should I still love you?
While you're a work in progress,
don't colour me a farewell.
I'm still here,
come and caress all walks, talks, and letters.

And I know it's a lot
when your thoughts bleed.
Just look at you, you're so blessed.
Alive on the street, waiting to let go of everything.

These days I think of you.
These nights can't make me sleep.
You call them friends?
They disappear without a note, without a clue!
I wished you knew what I know
that these times are just stairs
even if I'm not here.

All things that you fought,
people who made you weep,
I know it's a lot.
But I'm still here to bleed to
please you.

मेरी कविता अभी अधूरी है

मोहित सिंह

मेरे लफ़्ज़ उड़ा के ले गया कोई परिंदा है,
मेरा शायर फिर भी मरा नहीं
अभी ज़िंदा है.
मेरे जज़्बात कुछ लिखना चाहें,
पर हाथों को रोक रही मजबूरी है.
मुझे एक ख़ंजर और मार, मेरे दोस्त,
मेरी कविता अभी अधूरी है.

वो दौर था, भरी थीं किताबें मैंने.
पर तेरे धोखे को हो गयी अब बरसी है.
मेरी क़लम भी काफ़ी मुद्दत से
काग़ज़ पर आग लगाने को तरसी है.
शब्दों का पनप रहा अब तो ज्वालामुखी
जिसका फूट के छप जाना ज़रूरी है.
मुझे एक ख़ंजर और मार, मेरे दोस्त,
मेरी कविता अभी अधूरी है.

मुझ दरिया की छीन आज़ादी ले गए.
मुझे समंदर में न बहने दिया.
मेरे काँधे पे रखा था सर जिसने
उसी ने मेरे काँधे पे सर न रहने दिया.
मेरे ज़ख़्मी दिल से आधे अल्फ़ाज़ बह गए,
अब तो ख़ाली नाम की बची मशहूरी है.
मुझे एक ख़ंजर और मार, मेरे दोस्त,
मेरी कविता अभी अधूरी है.

वीरानों में कितनी ताक़त?

दिव्या अग्रवाल

सोचों के पलड़ों के ऊपर
जब भी देखा रखकर मैंने,
वीरानों में कितनी ताक़त?
वीरानों में इतनी ताक़त?

खंडहरों के बल पर जाने,
हमने तुमने,
बुलंदियों के बीते क़िस्से.
उखड़े दर से ही मिल पाए,
हमको तुमको,
धरोहरों से मंडित हिस्से.
बीता कल हो बंदी जिसमें
इस जर्जर में उतनी ताक़त?
वीरानों में कितनी ताक़त?

संघर्षों में अस्तित्वों के,
उसने अपनी आबादी दी.
उत्सर्गों की बनी श्रंखला,
हमको तुमको आज़ादी दी.
ये ही तो थी, ये ही वो है,
अनजानी भूगोली ताक़त!
वीरानों में इतनी ताक़त?

इतिहासों की मौन स्वीकृति
उन झिंगुरों के स्वर गानों को,
उन गीतों को, उन बीतों को,
स्व-अर्पित सब बलिदानों को.
मौनों की स्वर्णिम आभा से
शब्दों को झुठलाती ताक़त!
वीरानों में कितनी ताक़त?
वीरानों में इतनी ताक़त.

Photo: unsplash.com

Painting: Divya Jain

कृष्णा

शुभांगी विश्वकर्मा

जीवन के हर पल, हर क्षण, बस कृष्णमयी हो जाऊँ मैं.
हर ओर जहाँ तक मन दौड़े, बस कृष्णा को ही पाऊँ मैं.
अपने मन की गहराई में, बस कृष्णा को गहराऊँ मैं.
मैं दासी, कृष्णा, अब तेरी, तेरे चरणों में स्वर्ग को पाऊँ मैं.
तेरे प्रेम समुंदर में, कृष्णा, इक बूँद जैसी घुल जाऊँ मैं.
कृष्ण, निहारूँ यूँ तुझको, ख़ुद अपने को बिसराऊँ मैं.
तुम मिले जन्म-जन्मांतर में, अब बंधन से मुक्ति पाऊँ मैं.

दादू

कर्मिष्ठा

अब कोई नहीं है, दादू, मेरे आँसू पोंछने के लिए!
रूठ भी जाऊँ, तो मेरे नखरे उठाने के लिए!
अब कोई नहीं है, दादू, लोरी सुनाने के लिए!
नींद न आए, तो गोद में सुलाने के लिए!
अब कोई नहीं है, दादू, कहानी सुनाने के लिए!
बिखू बिखू कह कर मुझको प्यार से बुलाने के लिए!

फिर कहाँ चले गए, दादू, इस दुनिया को छोड़कर!
मुझे अपनी यादों के साथ तन्हा छोड़ कर!

लौट आओ, दादू, मेरी ख़ुशी के लिए!
प्यार से एक बार गले लगाने के लिए!

एक अटूट याराना

दीक्षिता शर्मा

मैं तो भाग रही थी ख़ुद से,
ख़ुद को ख़ुद में समेटे.
फिर न जाने कहाँ से
एक हवा का झोंका आया,
जो मेरे ललाट की शिकन को
पल में उड़ाकर ले गया.
हालाँकि अनजाना था वो मेरे लिए
शायद हक़ीक़त की दुनिया से परे.
लेकिन न जाने कब और क्यों
वो मुझे अपना सा लगने लगा?
और छोटी-छोटी अठखेलियों से
बड़ी-बड़ी शरारतों तक
मेरा हाथ थामे चलता रहा.
दिन बीते, रातें गुज़रीं,
कभी हँसी मज़ाक़ में,
कभी आँसुओं के सैलाब में,
लेकिन वो याराना यूँ ही चलता रहा;
और ज़िंदगी का तराना सुनाता रहा.
जब कभी अतीत में झाँकती हूँ,
तो ख़ुद को उसी चौराहे पर
विचारों में डूबा हुआ पाती हूँ
जहाँ से एक सही क़दम ने
ज़िंदगी की दिशा बदल दी थी.
लगता है ख़ुदा ने मुझे
मुझसे मिलाने के लिए
उसकी मदद ली थी.
शुक्रिया ख़ुदा का करूँ
या उस हवा के झोंके का
जो बरसों पहले उफनते तूफ़ान को
शांत करके चला गया था?
मानो मुझे ख़ुद से लपेटे
जीने की नई वजह दे गया था.

One Day: Sooner or Later

Dikshita Sharma

Eventually, many centuries have passed
in the hopeless desire to uncover this hidden pain.
And, in the shower of unpredictable love,
the barren land of my restless soul will be nourished
again.
Maybe today or tomorrow, the blank pages
of the unwritten book will shine
with pearl-like words.
Along with the doors of unlocked cages,
locked with a secret code, will reopen
for imprisoned birds.
The day is about to come
which is expected in the unexpected world,
perhaps like a fraud.
So, call up all your subdued kith and kin
to kill that blood-soaking trauma
with your sword.

Photo: Sachin Nougariya

The Colour of Me

Aryan Thakur

If you don't feel what I feel,
you're not kind enough.
Don't think how I think?
Not wise enough.

Be like me
or no point in being.
See how I see it
or no point in seeing.

Keep following me
night and day.
Walk my walk
or stay away.

Be painted in my colour
or live in shades.

आशा

डॉ आशुतोष कुमार

जो किरणमयी रोशनाई से
एक लकीर आँकी गई है
शिरोरेखा है
यह लकीर.

इसमें सबसे पहले
लिखा जाएगा- 'अ'
फिर एक
खड़ी पाई.

फिर शहद वाला- 'श'
फिर एक और
खड़ी पाई, यानी
कुल जमा दो पाई.

स्याह रात के
श्यामपट पर चमक उठेगा
एक नई विश्व-कविता
का शीर्षक.

मौन साधे रहे तो निगल जाएगा

अनामिका चौकसे

मौन साधे रहे तो निगल जाएगा,
या कभी शोर बनकर मचल जाएगा.

यूँ रहे जो ख़फ़ा ज़िंदगी से कभी,
क्या पता साँस का साथ टल जाएगा.

आज तेरे लिये ये जहाँ जान दे,
जान लेकर यही कल निकल जाएगा.

मर गया नीर आँखों तले आज कल,
याद रख कल वही दृग सजल जाएगा.

है कठिन दौर ख़ुद को सँभालो, अनु,
कल तिरा ख़ुदबख़ुद ही सँभल जाएगा.

Painting: Pawan Kumar

One Call and Visit

Ruchika Gupta

If heaven had a telephone,
I would call you everyday and
would tell you all the little things
I always wanna say.
If heaven had visiting hours,
I would come everyday.
I wanna make sure you are OKAY.
I wanna love you all the possible ways I can.
I wanna see you happy with a glowing face.
You know what makes me sad?
This DISTANCE and SPACE.
I wanna play with you as we played before.
I wanna take care of all your health.
I wanna share all the secrets I have kept.
I wanna comb your hair once more.
I wanna hug you so tight and never let you go far.
I wanna hold your hand forever.
I wanna feel your presence, that touch and smile.
I wish these hours go by slow.
I wish I could have you back in my life.
But God obviously needs you more than I.
And it's time to go back home.

Photo: Vaibhav Agrawal

Painting: Aditya Nema

चलो बच्चों, स्कूल चलो

मयंक सेमवाल

चलो बच्चों, स्कूल चलो,
तुम बड़े हो गए हो.
अपने नन्हे पैरों पर अब,
तुम खड़े हो गए हो.

चलो बच्चों, स्कूल चलो,
तुमको बड़ा एक दिन होना है.
सीख लो जीने का तरीक़ा,
वरना ज़िंदगी भर रोना है.

चलो बच्चों, स्कूल चलो,
तुमको भी एक होड़ में लगना है.
अलग चेहरे कैसे बनाते हैं,
तुमको ये ही सीखना है.

चलो बच्चों, स्कूल चलो,
तुम्हारी मुस्कान उड़ानी है.
जो पट्टी इस दुनिया ने पढ़ी है,
वो ही तुम्हें पढ़ानी है.

चलो बच्चों, स्कूल चलो,
सीख लो कैसे मारनी है बाज़ी.
नक़ल सीख लो, छल सीख लो,
सीख लो ठगी और जालसाज़ी.

चलो बच्चों, स्कूल चलो,
सबको पीछे छोड़ना है.
दूसरों की ख़ुशी में न हँसना,
उनसे ही तुमको लड़ना है.

चलो बच्चों, स्कूल चलो,
तुम्हारी अपनी न कोई पहचान है.
तुम वो ही करोगे, जो हम कहेंगे,
क्योंकि हम ही तुम्हारे भगवान हैं.

चलो बच्चों, स्कूल चलो,
तुम्हें बड़ा आदमी हमें बनाना है.
तुम हो हमारे ही सिक्के,
तुम्हें समाज को हमें दिखाना है.

चलो बच्चों, स्कूल चलो,
विद्या बिकती है अब हाट में.
बड़े से बड़े स्कूल में तुम्हें भेजेंगे,
हम अपना पेट काट के.

चलो बच्चों, स्कूल चलो,
मासूमियत का कपड़ा उतार दो.
अगर जीतना है इस दुनिया में तो,
अपने अंदर का बच्चा मार दो.

पिंजरा

महक जोशी

आज़ादी प्यारी होती है सबको,
पिंजरे में न कोई रहना चाहता है.
पर पंछी पिंजरे वाला कैसे उड़े?
लोहे के पिंजरे को वो कैसे तोड़े?

आसमान वो देख रहा है बैठकर,
तारों से कह रहा है वो रातभर,
कि, "उड़ न मैं पाऊँगा,
इस पिंजरे में रह जाऊँगा.
आसमान सारा खुला है,
फिर भी पंख न लहरा पाऊँगा."

मनमर्ज़ी कैसे करे वो?
कैसे अपनी मंज़िल बनाए?
इस क़ैदख़ाने से कैसे बाहर आए?
कैसे उड़े वो आसमानो में?
कैसे ख़ुद को बेहतर बनाए?
जब पिंजरे में है ज़िंदगी,
कैसे वो आज़ादी के तराने गाए?



The Dream

Shilpa Naungariya

I remember this dream that I had.
I flew away from these walls.

My eyes opened wide,
by the glimpse of you taking me on.

Life in new sky with
your wings flying high!

You touched and it felt so real.
My season changed, breeze to storm.

You said just, "Let it be, it's alright!"

...as we ran away...

I woke up behind these walls.

Photo: HarAmrit Kaur Brar



Get Up, Warrior

Palvi Arora

You...
Yes you...
How are you?
You seem to be so hurt that you can't smile without tears.
You seem burdened with some unknowing fears.
You want to scream but you don't know why.
You want to get out but you don't know how.
You are afraid to be vulnerable in front of the world.
You are afraid that they will judge you.
They will mock you.
Yet,
At the same time, you want someone to hear you.
But there is no one,
so you just sit there helpless and watch your shattering?

CHIN UP, BUDDY!
No pain is everlasting and no pain can break you.
With every pain, you will come up being a stronger version of yourself!
You have gone through highs and lows, and still breathing...
Isn't it enough?

Thoughts

Akash Sharma

Thoughts wandered in my mind like
people around the world.
Each man and woman on a wayward way,
away from that wayward crowd.
Somewhere there was me
amidst her pink graffiti.
Somewhere there was she.

It furls and unfurls like the curls of her hair,
in the wily chill of the wintry air.
Huddled with all the possible impossibilities,
lay all the unthinking things, unsaid and unlearnt.

Things too hard to tell.
People too unknown to know.
Things too open to interpret.

Painting: Satish Chadar

SHE

Manpreet Singh

They say, "'tis your past deeds, your past life,
That serves you agony, tears you from inside."
For I must've been cynical, unfaithful, and tyrant.
But I ain't remember doing nothing.
However, I concede my being rude.
But what has she done ever to defy you
that you're so harsh, so cruel?
Has she deceived someone or ever cursed?

One said, "She is unblessed, an impediment.
She's killed her father, devastated the pedigree."
The spears of her words pierced my heart, for she is a girl.
Is this her crime?
The God is no God, the mother is no mother.
Both ditched, showed no mercy to the fallen Angel.
But I'm happy because she knows not anything.
Grieves not on her loss.
She is playing and happy.

Painting: Pawan Kumar



Solace in Your Arms

Kanika Panghal

When you stepped in I was drowned in qualms.
Little did I know that I would find solace in your arms.

Mesmerized by your persona, my eyes stopped blinking.
I hoped your love to be more than just my wishful thinking.

To embrace our unusual affinity exchange, a part of me still struggles.
The rest of me attempts to chop and change, stating life isn't all beer and skittles.

It fills me with glee that there's no wheeling and dealing.
What's between us is everything warm and healing.

Not certain if I am gonna win this love spree,
but surely I lost to you, a part of me...

Sketching: Garima Bajaj

बस की बंद खिड़की

अभिनव नागार्जुन

बस की बंद खिड़की से हवा आने का इंतज़ार करते रहे.
हम बेसुध बाहर ताकते रहे.
बाहर ज़माना था सारा, हँसता हुआ एक तरफ़,
ऊँची इमारतों को देख शहर की अमीरी का हम दीदार करते रहे.

अजीब धुँधलापन था आँखों में,
बड़े मकान देख आँखें जलती रहीं.
दूसरी तरफ़ एक बच्चा भीख माँग रहा था,
तो उसको चिढ़कर देखने का काम ले लिया.

गहरा सा दर्द हुआ ज़हन में
जब लगा कि ख़ुद के पास इतना बड़ा घर न होगा.
अगले ही सेक्टर जब बस पहुँची,
तो घरों का क़द थोड़ा छोटा होता गया.

अब दिल में दर्द नहीं हो रहा था,
मन बाहर देखने का थोड़ा कम हो रहा था.
मगर इंसानी पैसों का प्रदर्शन देख,
आँखें कहीं और जा ही नहीं रहीं थीं.

अगले सेक्टर आते आते,
घरों का सीमेंट तंबू के बाँस में तब्दील हो गया.
कम सँवरे लोग और नंगे बच्चे हर तरफ़ दिखने लगे.
मैंने एकदम से आँखें नीचे कर अपना फोन निकाल लिया.

Photo: Abhay Mishra

Photo: unsplash.com

नृत्यः कला या संपूर्ण जीवन?

शिखा भट्टी

अक्सर अपने से एक सवाल पूछती हूँ: नृत्य क्या है? आपमें से बहुत लोग नृत्य की परिभाषा को कला, हर्ष, उल्लास जैसे शब्दों से जोड़ते होंगे. लेकिन क्या केवल ख़ुशी और उल्लास से झूम उठना ही नृत्य है? क्या चंद शब्द इस महान कला को परिभाषित करने में सक्षम हैं? मैं जितना इस प्रश्न को विचारती हूँ, उतना ही गहराई में चली जाती हूँ.

बचपन में यूँ ही एक दिन सुर और ताल पर पैरों का थिरकना हो गया. भोलेपन में संगीत और नृत्य का रस इस तरह अंदर समा गया कि मैं हर जगह, हर समय, हर चीज़ में उस रस को ढूँढने लगी. छोटी थी, नृत्य के अन्य भावों से परिचित न थी, लेकिन एक आनंद भाव मेरे अंदर विकसित हो चुका था. ऐसा आनंद जो मुझे कला की तरह ही नहीं, बल्कि एक महावरदान के रूप में भी मिला.

जैसे-जैसे बड़ी हुई नृत्य के साथ संबंध और गहराता गया. आनंद भाव ने प्रार्थना का रूप ले लिया. जिस प्रकार हम प्रतिदिन साफ़ मन से आनंदपूर्ण होकर प्रार्थना करते हैं, उसी तरह नृत्य मेरे लिए पूजा हो गया. जिसके बाद एक अलग-सी ऊर्जा महसूस होती. सब खिला-खिला व सुंदर प्रतीत होने लगा. मेरी इस प्रार्थना अभ्यास से सौंदर्य भाव का जन्म हुआ. हाथ की मुद्राएँ, पैरों की थाप, आँखों के तेवर, कमर का लचकना, हर अदा व दिखावट मेरे रोम रोम में बसती गई.

इन भावों से अवगत हुई थी कि अचानक एहसास हुआ कि नृत्य केवल हर्षोल्लास से संबंधित ही नहीं, बल्कि मेरे अंदर उत्पन्न हुए हर भाव का आईना है. दुःख में नृत्य, सुख में नृत्य, क्रोध में नृत्य, प्रेम में नृत्य, द्वेष में नृत्य, कण-कण में नृत्य, हर क्षण नृत्य. देखते ही देखते नृत्य भगवान हो गया; हर कण में, हर क्षण में उपस्थित. मेरा नृत्य नटराज का तांडव, माँ सरस्वती की वीणा, कृष्ण की मुरली हो गया. सत्यम शिवम् सुंदरम. मेरा नृत्य भी परम सत्य व सुंदर हो गया.

सृष्टि के हर कोने में उस परम शक्ति का वास है. फूलों के खिलने में, फलों के लगने में, पत्तों के झड़ने में, हर ऋतु में, समुद्र की लहरों में, आँधी तूफ़ान में, सूरज की तपिश में, चाँद की रोशनी में. नृत्य केवल कला ही नहीं, भाव है, पूजा है, परम शक्ति है, वरदान है. मेरा नृत्य मेरा संपूर्ण जीवन है.

The Unending Slide

Jaskirat Kaur

Enjoying that one day at Horrorland, out of those ten slides, I didn't know why I and my friend Perk chose the one that said, "Don't pick the doom slide or you'll slide forever and ever." Or was it that the slide chose us?

As we entered, the slide turned out to be super fast initially, and soon I was being crushed and masticated by some white giants, extracting all my blood out. After which came a pink hairy man who sprayed a nectar on me that assembled me into a bolus. But soon he pushed me further down the slide that was even steeper.

Soon I found Perk again, and together we slid down in endless darkness and silence. Perk shouted, "Kit, are you there?" Before I could answer, I felt like the walls closing in and we getting compressed. I was having my life's worst ever sliding experience. Maybe this was really the last slide I'd ever go down to.

Moments later we landed in a room which had soft and bumpy walls. It was fiery hot in there. Soon I felt the room was getting filled with some caustic water that was almost ripping my skin off. I saw my skin loosening and blood spurting out, and I was getting drowned in that hot water that was just about to take my breath away. I even saw aliens getting killed by that caustic solution. Only God knows what that terrific thing was!

After getting churned in that hot water and screaming to death for long hours, a door opened just beneath me on the floor, and led to another dreadful slide. Turning my eyes back to Perk, I saw him moving backwards up the slide, being pulled by someone. After it, I heard a voice as loud as thunder that shook me totally from within.

Then I saw the door behind me closing and I couldn't see or hear Perk anymore. And I was being carried ahead where I saw watery juices being poured on me, all on my way down, from various windows surrounding me. The slide became more loopy.

Then I saw my body parts getting ripped apart: my hands, feet, legs, arms, trunk, head, eyes, ears, nose, mouth, hair were all dislodged. They began floating in space, and sliding together down into wider slide zones. It further tried to break me down and suck out all that I had in my veins. A slimy fluid led me down faster by lubricating all my parts.

Then I entered into a small storage room along with all my segments getting collected for some time. But soon I saw movements in the walls of rooms that led me into a small door. The door opened to propel me into a sharply-illuminated space, and I realized that I was out of the slide. But I was in a bad, smelly, wet, but firm and lumpy state just like a sausage, getting dropped into a smelly pond.

Painting: Aditya Nema

Painting: Satish Chadar

आदतें

दीपक बहरे

अक्सर जब हम अपनी आदतों से रूबरू होते हैं, तो उनसे दूर होने की जगह उनमें ही रम जाते हैं. ऐसा दिन में कई बार, कई आदतों के साथ होता है. हम अपनी आदतों से दूरी क्यों नहीं बना पाते हैं?

मेरा मानना यह है कि सबसे पहले हमें अपनी आदतों से लड़ना छोड़ देना चाहिए क्योंकि हमारा दृढ़ निश्चय इतना मजबूत नहीं होता है कि वह हमारे मन और शरीर को नियंत्रित कर पाए. अगर हम इस अवस्था में किसी चीज़ का निश्चय/संकल्प करते जाएँगे, तो वे हमेशा ही टूटेंगे; और आदतें कभी नहीं बदलेंगी. कमज़ोर दृढ़ निश्चय अगर मन से लड़ेगा, तो हमेशा मुँह की ही खाएगा.

आदतों को बदलने का सबसे आसान तरीक़ा यही है कि उनसे लड़ना छोड़ दो, और अपने दृढ़ निश्चय को मजबूत कैसे करना है इस बारे में काम करना शुरू करो.

अब प्रश्न आता है कि दृढ़ निश्चय को मजबूत कैसे किया जाए? इसकी एक विधि योग है. योग एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें आप अपने शरीर को न केवल विशेष मुद्राओं में मोड़ते हैं, बल्कि धीरे-धीरे आप उसे एक प्रकार का अनुशासन सिखाने की कोशिश करते हैं. कुछ समय बाद आपका शरीर नियंत्रण में आने लगता है. जैसे-जैसे शरीर नियंत्रण में आता है, वैसे-वैसे मन अपनी पकड़ कम करता जाता है.

अक्रेशिया

आशुतोष भदौरिया

एक चीज़ जो हम सभी चाहते हैं वह है सफलता. लेकिन जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित सफल व्यक्तियों की यदि सूची बनाई जाए, तो यह बहुत छोटी सी होगी. क्यों? इस मूलभूत समस्या का विवरण दुर्योधन ने महाभारत में प्रस्तुत किया है:

जानामि धर्मं न च में प्रवृत्तिः
जानाम्यधर्मं न च में निवृत्तिः

अर्थात मैं जानता हूँ कि मुझे क्या करना चाहिए, लेकिन वह मैं कर नहीं पाता; और मैं जानता हूँ कि मुझे क्या नहीं करना चाहिए, लेकिन उसे छोड़ने की सामर्थ्य मुझमें नहीं है.

क्या यह हम सभी की समस्या नहीं है?

इस मनोदशा को यूनानी भाषा में अक्रेशिया कहा जाता है जिसका अर्थ है चुने हुए मार्ग पर न चल पाने की प्रवत्ति. अक्रेशिया से ग्रस्त सभी मनुष्यों में स्पष्ट लक्ष्य का अभाव, अनैतिक या छोटे उपायों द्वारा लक्ष्य प्राप्ति की इच्छा, और असफलता का काल्पनिक भय पाया जाता है.

आइए जान लेते हैं कि इस पर विजय प्राप्त कैसे की जाए. सबसे पहले यह जान लें कि समस्याएँ शाश्वत हैं यानि वे हमेशा थीं, हैं, और रहेंगी. समस्या को बुरा मानने का विचार ही सबसे बड़ी समस्या है. हम हमेशा सुख चाहते हैं. यही मन को अशांत करता है. अल्प मात्रा में संतुष्टि का होना भी अनिवार्य है क्योंकि यह हमें अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए साहस और उत्साह देता है.

दूसरी बात, नियति ने आपके लिए कुछ चीज़ें निर्धारित कर रखी हैं. ब्रह्मांड की समस्त शक्तियाँ आपके पास उन चीज़ों को पहुँचा सकती हैं यदि आप उन्हें निर्देशित करें. अपनी बिखरी हुई ऊर्जा को यदि एक बिंदु पर एकाग्र किया जाए, तो उस विषय पर पकड़ बनाना कोई कठिन काम नहीं है.

अक्रेशिया पर विजय प्राप्त करने के लिए मनोबल को बढ़ाना होगा. व्यर्थ की बातें, निरूद्देश्य कार्य, कामुक कल्पनाएँ, मनोरंजन के साधनों की अधिकता, एवं दूसरों के दोष ढूँढने में मानसिक ऊर्जा का अपव्यय होता है. इनके प्रति जागरूक होकर इनसे बचना होगा. सबसे बड़ी बात: संकल्प शक्ति को गहराना होगा. वरना आदतें छूटेंगी तो, लेकिन फिर वे वापस आती रहेंगी. और फिर विली रोजर्स की भाँति आप कहेंगे: "अजी, सिगरेट छोड़ना कौन सी बड़ी बात है! मैं सैकड़ों बार छोड़ चुका हूँ."

Photo: Sachin Nougariya

My Father's Failed Experiment

Surya Dev Ranjan

Painting: Pawan Kumar

In my childhood, I was the subject for a strange experiment. The experiment was running on a belief of my ambitious father: His son's birth was not for a normal reason, but was a miracle. No doubt, he wanted to make me very successful. But his definition of success was very narrow; it had no room for passion.

Moreover, my father treated me as an extraordinary child. He believed that my birth had a direct connection with the lord Surya, and He had gifted me to my father. Secondly, my family claimed that I never crawled like other normal toddlers, but directly started walking. Lastly, my parents did not have to train me the hard way: I was very docile.

One day my father came to me with a very smiling and proud face, and handed me a form. I read something written on the top of the form "Admission Form", beneath it "Indian Military School". "You will clear this entrance exam and you will be a successful person." The belief was

clear to me. Now, according to my father, if I passed that exam and spent the most precious years of my childhood living away from my family, I would become a successful person.

From the next day, my father started training me like him: like an army officer. He arranged three terrific home tuitions for me. TERRIFIC 1: 4:30 a.m.-6:00 a.m.; TERRIFIC 2: 3:00 p.m.-4:00 p.m.; and at last TERRIFIC 3: 7:00 p.m.-8:00 p.m. For an 11 years old cute child it was a tiring labour. And those teachers also got bored.

Even then, fighting with all of those odds and pains, I cleared the written exam. Now my father's dream seemed close to realization. On that day, his broad army chest might have broadened by two more inches. I was also very happy, not with my success, but with the thought that I would get rid of tuitions; and I would get to enjoy evening games with my peers.

But no! There was one more horrible obstacle: The interview.

Again, my father fixed evening coaching classes for me. It was supposed to help me in improving my English and to enhance my ability to interact with new people. But this time, I got a very different teacher. If I close my eyes, I can easily recall his face in detail: A tall, thin, fashionable, long-haired, hat-wearing man with painted nails and lipstick on lips! A very strange, but a handsome gentleman. He was a professional singer. I used to go to his place. On seeing all of his musical instruments, I felt an urge for music. (Oh, I just forgot to mention that I had and still have a very strong interest in singing.) I always wanted to learn music from him, but I had to focus on communication skills. Aah! Boring.

I wasted my precious years in a useless labour as neither I could crack the interview nor learn music then. My father's experiment, too, failed.

As dreams, whether fulfilled or unfulfilled, fade away from our lives, so was my father's. Thereafter, I lived my life as a normal kid, not a divine one. And, yes, I did follow my passion and learnt a bit of music later in my life.

Freeze and Release

Shweta Suman

"Presenting a 9-year old, extremely beautiful and elegant Kathak dancer Shweta Suman," so that was how I was introduced on the stage of a huge auditorium, jam-packed with almost 1000 people. For the first time in my life, I found myself standing in front of unfamiliar faces, gazing at me. Though I had performed a few times at school, but this was different. It was not a poetry recitation or storytelling competition with a bunch of school kids, it seemed much bigger and very serious indeed.

